# BRAMPTON Service and Information Update

## सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कम्युनिटी के स्वास्थ्य को कायम रखने के लिए शोर बाइ-लॉ में सुधार कर रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (4 अक्तूबर, 2023) – ब्रैम्पटन को एक स्वस्थ और सुरक्षित कम्युनिटी कायम रखना सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर, पब्लिक नूसेंस बाइ-लॉ 136-2018 (Public Nuisance By-law 136-2018) में संशोधन किया गया है, ताकि बहुत ज्यादा शोर, एमिशन्स और एमिशन कंट्रोल सिस्टम मोडिफिकेशन्स और टेस्टिंग पर पाबंदी लगाई जा सके।

पब्लिक नूसेंस बाइ-लॉ 136-2018 के संशोधनों में शामिल हैं:

- मफलर्स (Mufflers) या अन्य डिवाइसों को इंस्टॉल करने की अनुमति नहीं है, जिनसे शोर, विस्फोट या अनुचित शोर होता हो, मोडिफाइड मफलर्स या एग्जॉस्ट सिस्टमों सहित।
- रिहायशी क्षेत्र के अंदर घर के बाहर, पावर डिवाइसों, जैसे लॉन मोवर्स, घास छोटा करने वाली मशीनें, ड्रिल्स, सैंडर्स, ग्राइंडर्स या ऐसी डिवाइसों का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है, रात 9 बजे से सुबह 7 बजे के बीच और, शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को सुबह 9 बजे तक।
- रिहायशी क्षेत्र के अंदर घर के बाहर, किसी भी मोटर वाहन, मोटरबोट, आउटबोर्ड मोटर या रेक्रिएशनल वाहन को मुरम्मत करने, दुबारा बनाने, सुधार करने या टेस्टिंग करने की अनुमति नहीं है, रात 9 बजे से सुबह 7 बजे के बीच और, शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को सुबह 9 बजे तक।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की एन्फोर्समेंट एंड बाइ-लॉ सर्विसिज (Enforcement and By-law Services) का स्टाफ, इस बाइ-लॉ को लागू करना जारी रखेगा, जबकि पील रीजनल पुलिस (Peel Regional Police) और ओनटैरियो प्रोविंसीयल पुलिस (Ontario Provincial Police), *हाईवे ट्रैफिक एक्ट (Highway Traffic Act)* द्वारा नियंत्रित, पब्लिक रोडवे (सिटी या रीजनल रोड) पर चलने वाले, रुके हुए, या आइडलिंग वाहनों की जांच करने की अपनी जिम्मेदारी संभालती है।

निवासियों, आगंतुकों (विजीटरों) और कारोबारों को सलाह दी जाती है कि संशोधित बाइ-लॉ की समीक्षा करें और किसी भी सवालों के लिए, सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) को, 311 या 905.874.2000 (ब्रैम्पटन के बाहर से) पर फोन करके, ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) ऐप (यह ऐप स्टोर (App Store) या Google Play (गूगल प्ले) पर उपलब्ध है) का प्रयोग करके या 311@brampton.ca पर ईमेल करके संपर्क करें।

**लिंक**

संशोधित बाइ-लॉ की समीक्षा के लिए, कृपया यहां जाएं: Public Nuisance By-law 136-2018 (consolidated version) (brampton.ca)।

प्रोजेक्ट नॉयजमेकर (Project Noisemaker) के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया यहां जाएं: Peel Regional Police (peelpolice.ca) I

-30-

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca